बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विज्ञापन संख्या–13/2026, अभियोजन पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा
उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचना

1. उक्त परीक्षा दिनांक–15.07.2026 को पटना, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं नालंदा जिला अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जा रही है।
2. उक्त परीक्षा के लिये अभ्यर्थी अपने साथ एक अतिरिक्त E-Admit Card रखना सुनिश्चित करेंगे।
3. अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के 2 घंटा पूर्व (08:00 बजे पूर्वाह्न तक) परीक्षा केन्द्र पर निश्चित रूप से पहुँच जाये। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व (प्रथम पाली के लिए 09:00 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय पाली के लिए 01:30 बजे अपराह्न तक) ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच विकल्प (A, B, C, D एवं E) उपलब्ध कराए जाएगें, जिसमें विकल्प 'E' का अभिप्राय "प्रयास नहीं किया गया (Not Attempted)" होगा। यदि कोई अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है, तो उसे अनिवार्य रूप से विकल्प 'E' का चयन करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न के लिए किसी भी विकल्प का चयन नहीं करता है, तो ऐसे प्रत्येक प्रश्न पर 1/3 (एक–तिहाई) अंक की नकारात्मक (Negative) कटौती की जायेगी।
5. अभ्यर्थी परीक्षा समाप्ति के उपरांत ही परीक्षा कक्ष/परिसर छोड़ेंगे।
6. परीक्षा केन्द्र परिसर जहाँ परीक्षा होनी है, में कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लुटुथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Smart Watch आदि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास परीक्षा कक्ष के अन्दर किसी भी प्रकार के Electronic सामग्री पाये जाने पर उसे कदाचार माना जायेगा।
7. Marker/White Fluid/Blade/Eraser को परीक्षा कक्ष में ले जाना वर्जित है।
8. कदाचार में लिप्त पाये जाने/परीक्षा कक्ष में Electronic सामग्री के साथ पाये जाने पर परीक्षार्थी को इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षो के लिए एवं परीक्षा से संबंधित भ्रामक/सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षो के लिए बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जायेगा।
9. उक्त परीक्षा में उम्मीदवारों को कदाचार में लिप्त पाये जाने पर बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।
10. अभ्यर्थी किसी भी तरह के भ्रामक/सनसनीखेज अफवाह पर ध्यान न दें तथा आयोग से संबंधित सूचना आयोग के आधिकारिक वेबसाईट पर देखें।

11/7/26

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना